


नवभारत 03
इंदौर, सोमवार, 10 नवंबर, 2025


## एक नजर में

### गुंडे, बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सघन कॉम्बिंग गश्त



**झाबुआ.** जिले में अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नियंत्रण एवं शांति-सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक झाबुआ के निर्देशन में गत रात्रि संपूर्ण जिले में कोम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने अपने-अपने इलाकों में गुंडे-बदमाशों, असामाजिक तत्वों एवं निगरानी बदमाशों की सघन चेकिंग कर उनके दैनिक गतिविधियों की जानकारी ली। अभियान में 6 राजपत्रित अधिकारी एवं 350 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। गश्त के दौरान 19 गिरफ्तारी वारंट, 03 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त 13 संपत्ति संबंधी, 106 गुंडा चेक तथा 84 निगरानी बदमाशों की चेकिंग की गई।

### श्रीस्वामीनारायण मंदिर में अन्नकूट महोत्सव



**कुक्षी।** नगर के कापसी रोड़ स्थित बीएपीएस श्रीस्वामीनारायण मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रविवार को भव्य अन्नकूट महोत्सव बड़ी श्रद्धा, निष्ठा और उत्साह के साथ मनाया गया। आयोजित भव्य अन्नकूट महोत्सव के अंतर्गत मंदिर में भगवान का दिव्य श्रृंगार, मनमोहक पुष्प सजावट, मधुर भक्ति संगीत, महाआरती कर भगवान श्रीस्वामीनारायण को विभिन्न प्रकार के 1151 शुद्ध, स्वादिष्ट और विविध प्रकार के व्यंजनों जिनमे नमकीन, फलाहार, दक्षिण भारतीय, गुजराती, पंजाबी, राजस्थानी एवं पारंपरिक भारतीय पकवानों का भगवान को भोग लगाया गया आयोजित महोत्सव में गुजरात सहित मप्र के अन्य जिलों से बड़ी संख्या में हरिभक्तों ने भगवान के दर्शन कर महाप्रसादी ग्रहण की। बीएपीएस संस्था के सन्त दिव्यस्वरूपदास स्वामी और अमृतनिधिदास स्वामी ने बताया कि महोत्सव में रविवार सुबह 8 .30 बजे उपस्थित सन्तो एवं हरिभक्तों द्वारा भगवान श्रीस्वामीनारायण का थालगान कर भगवान को विविध व्यंजनों का भोग अर्पित किया जिसके पश्चात सन्तो द्वारा श्रद्धालुओं को आशीर्वचन प्रदान किया गए सुबह 11 बजे भगवान की महाआरती कर भंडारे का आयोजन किया गया

### बालिका छात्रावास में वंदे मातरम् के 150 साल पर कार्यक्रम

**बदनावर.** समग्र शिक्षा अभियान के द्वारा संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास बदनावर में वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बालिकाओं और छात्रावास स्टाफ ने वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया। सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष शिवानी कटारिया ने छात्रावास में लेखन, कविता पाठ, नृत्य, गीत, वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई । छात्रावास अधीक्षिका डॉक्टर सपना मिश्रा ने वंदे मातरम् गीत के इतिहास, भावात्मक स्वरूप और राष्ट्रनिर्माण में इसकी भूमिका पर विचार रखे। आगे उन्होंने कहा कि, वंदे मातरम् केवल गीत नहीं, राष्ट्र की आत्मा और देश के प्रति समर्पण का प्रतीक है। इस गीत ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लाखों देशभक्तों के भीतर जोश और त्याग की भावना जगाई। आज की युवा पीढ़ी को भी इसी भाव को आचरण और जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। यह गीत बंकिमचंद्र चटर्जी ने 1875 में लिखा था। उक्त जानकारी छात्रावास अधीक्षिका डॉक्टर सपना मिश्रा ने दी।

### नवागत थाना प्रभारी पाटीदार ने ग्रहण किया पदभार



**सरदारपुर।** धार जिले के राजगढ़ थाने के नवागत थाना प्रभारी समीर पाटीदार ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। चार्ज लेने के बाद उन्होंने क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति जानी। व चार्ज लेने के बाद नवागत थाना प्रभारी समीर पाटीदार ने बताया कि थाना क्षेत्र में अमन,शांति के साथ सामाजिक तत्वों पर विशेष लगाम लगाई जाएगी। क्षेत्र में अवैध गतिविधियां चलने नहीं दी जाएगी। आम जनता का भरोसा कायम रखा जाएगा, । क्षेत्र में सतत रात्रि कालीन गश्त की जाएगी। जनता और पुलिस के बीच बेहतर संबंध बनाए जाएंगे, ताकि अपराधों में कमी आ सके।

### संघ की सामाजिक सद्भाव बैठक का आयोजन



**आलीराजपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड आलीराजपुर द्वारा स्वामी विवेकानंद विद्यालय, आलीराजपुर में सामाजिक सद्भाव बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मालवा प्रांत धर्मजागरण समन्वय विभाग के प्रांत सह-संयोजक श्री ललित कोठारी ने समाज प्रमुखों और नागरिकों के साथ संवाद किया। अपने संबोधन में श्री ललित कोठारी ने कहा कि ﬂहमारे राष्ट्र का आधार हिंदू संस्कृति है, जो हजारों वर्षों से इस भूमि की आत्मा रही है। भाषा, बोली, परंपरा और पूजा-पद्धति में विविधता के बावजूद हम सब एक ही सांस्कृतिक सूत्र से जुड़े हैं, यही भारत की आत्मा है ।उन्होंने कहा कि हिंदू संस्कृति के केंद्र में एकात्म दृष्टि और सामूहिक कल्याण का भाव है। हमारे वेद, पुराण, उपनिषद, रामायण, महाभारत और गीता — सभी का लक्ष्य मानवता का उत्थान है। कोठारी ने बताया कि भारत में आस्तिक-नास्तिक, शैव-वैष्णव-शाक्त, बौद्ध-जैन-सिख सभी के बीच परस्पर श्रद्धा और स्वीकार्यता का भाव रहा है ।बैठक में उपस्थित समाज प्रमुखों और महिलाओं ने अपने-अपने समाजों में हो रहे श्रेष्ठ कार्यों का उल्लेख किया ।संघ के शताब्दी वर्ष को ध्यान में रखते हुए सभी ने पंच परिवर्तन समरसता संस्कार, स्वदेशी जीवन शैली, पर्यावरण अनुकूल जीवन, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधनके संकल्पों को अपने परिवारों और समाजों में अपनाने का निर्णय लिया ।कार्यक्रम में आगामी जनवरी माह में होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई ।बैठक में आलीराजपुर खंड के विभिन्न समाजों के प्रमुखों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएँ भी उपस्थित थीं ।कार्यक्रम में खंड संघचालक श्री भुवन जी भवर विशेष रूप से उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की भूमिका सामाजिक सद्भाव जिला संयोजक श्री मनीष राठौर ने रखी, संचालन किशन राठौर ने किया।

# सूचना का अधिकार एवं सीएम हेल्पलाइन ब्लैकमेलरों के बने हथियार







**संजय बाजपेई**

**धार ।** कोई भी कानून, नियम एवं योजनाएं इसलिए बनाई जाती है ताकि जनहित में इनका उपयोग हो सके । लेकिन कुछ आसामाजिक लोग जनहित मे बनाने गए कानून व योजनाओं का दुरुपयोग अपने निजी स्वार्थ हल करने के लिए करते हैं । इसी कड़ी में वर्तमान में सूचना का अधिकार एवं सीएम हेल्पलाइन को ब्लैकमेलर हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं ब्लैकमेलरो के लिए यह दोनों योजनाएं वरदान साबित हो रही है । असल पीड़ित व्यक्ति तो इन योजनाओं का लाभ ना के बराबर ले पा रहा है लेकिन वहीं दूसरी ओर ब्लैकमेलर इन योजनाओ का जमकर लाभ ले रहे हैं ब्लैकमेलर इसे धंधा बना चुके हैं ब्लैकमेलिंग की वारदातें इतनी बङ चुकी है कि आए दिन पुलिस थानों पर ऐसे ब्लैकमेलरो के खिलाफ आवेदन लगातार आ रहे हैं परंतु इन दोनों योजनाओं का उपयोग करना अपना अधिकार बात कर यह ब्लैकमेलर कार्रवाई से बच निकलते हैं हालांकि अब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आदेश दिया है कि ऐसे ब्लैकमेलरो को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए इस मामले में अब गेंद जिला प्रशासन के पाले में है अब देखना यह है कि प्रशासन मे बैठै अधिकारी मुख्यमंत्री के इस आदेश का कितना पालन करते हैं और आम जनता को ब्लैकमेलरो से किस हद तक बचा पाते हैं ?

**कैसे पहचाने ब्लैकमेलरो को**-मुख्यमंत्री के आदेश के बाद प्रशासनिक अधिकारियो के सामने यह समस्या खड़ी है कि इन दोनों योजनाओं का उपयोग कर रहे लोगों में से कैसे पहचाना जाए की कौन ब्लैकमेलर हे और कौन असल पीड़ित तो आपको बता दें कि असल पीड़ित या ब्लैकमेर को पहचानने का एक आसान तरीका है असल पीड़ित व्यक्ति बार-बार एवं अलग-अलग व्यक्तियों को शिकायत नहीं करते है और ना ही अलग-अलग जानकारी मांगते हैं वह जिससे पीड़ित होते है सिर्फ उसकी ही शिकायत करते है या जानकारी मांगते हैं लेकिन ब्लैकमेलर बार-बार अलग-अलग लोगों की शिकायतें करते हैं और अलग-अलग जानकारी मांगते हैं और जिनसे उन्हें पैसा मिल जाता है उसकी शिकायत व जानकारी हटा लेते हैं इस प्रकार प्रशासनिक अधिकारी बड़ी आसानी से ब्लैकमेलरो को चिन्हित कर सकते हैं



## शासकीय प्राथमिक विद्यालय भोयरा में राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम' का सामूहिक गायन

▶ **अतिथियों ने विद्यार्थियों को चॉकलेट, टॉफी आदि का वितरण किया**

**झाबुआ।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम भोयरा विकासखंड झाबुआ में राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सामूहिक रूप से सभी ने 'वन्दे मातरम्' का पूरा गायन किया। इस अवसर पर संस्था के बच्चों को नि:शुल्क चॉकलेट, टॉफी वितरण के साथ अतिथियों ने अपने विचार भी व्यक्त किए।

आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया, जिला पंचायत सदस्य बहादुरसिंह हटिला, भाजपा मंडल महामंत्री मेजिया कटारा एवं सरपंच सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सामूहिक 'वन्दे मातरम्' का पूरा गायन हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया ने बताया कि राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' गायन के रचियता बकिमचन्द्र चटोपाध्याय होकर यह गीत हमे देशप्रेम और राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत कर देता है। जिपं सदस्य बहादुरसिंह हटिला ने उपस्थित बच्चों को विद्यालय में अच्छी शिक्षा ग्रहण कर उच्च पदो पर आसीन होने के साथ देशभक्त बनने की प्रेरणा दी। भाजपा मंडल महामंत्री मेजिया कटारा ने 'वन्दे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर स्मरणोत्सव के रूप में सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों को अतिथियों ने चॉकलेट, टॉफी आदि का वितरण किया। अंत में सभी के प्रति आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य पं कैलाशचन्द्र त्रिपाठी ने माना। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में नन्हें-मुन्हें छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जरूरतमंदों के लिए ज्ञानदीप मंडल का ऊनी वस्त्र संग्रहण अभियान प्रारंभ




**बदनावर .** सामाजिक सेवा और मानवीय संवेदनाओं के प्रति समर्पित ज्ञानदीप मंडल के अध्यक्ष विजय बाफना के साथ उपस्थित सदस्यों ने इस शीत ऋतु में जरूरतमंद परिवारों के लिए ऊनी गर्म वस्त्र उपलब्ध कराने हेतु ऊनी वस्त्र संग्रहण अभियान का शुभारंभ किया है। अंबेडकर चौराहा, सोमेश्वर चौराहा, दुर्गा चौक, भेरू उखलिया, शितलामाता बस स्टैंड, सरस्वती कॉलोनी, पेटलावद रोड, अणु नगर, पवांर मोहल्ला, सभा मंच, मोदी चौराहा एवं जवाहर मार्ग — में नगरवासियों से अपील की कि वे घरों में रखे अनुपयोगी शाल, स्वेटर, जरकिन, टोपी, मफलर, कार्डिगन, कोट, कंबल आदि वस्त्र जरूरतमंदों की सहायता हेतु दान करें। कई दुकानदारों एवं परोपकारी नागरिकों ने नए वस्त्र भेंट कर इस सेवा प्रकल्प को और भी सशक्त बनाया। एकत्रित वस्त्रों को एक वाहन में सुव्यवस्थित रूप से संग्रहीत किया गया, जिन्हें आगामी दिनों में बदनावर क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाया जाएगा।

विशाल श्रीमाल ने बताया कि मंडल नगर के सभी दानदाताओं एवं समाजसेवियों से अपील करता है कि वे 14 नवंबर, शुक्रवार तक अपने ऊनी वस्त्र निम्न स्थानों पर जमा करवा सकते हैं , निलेश मोदी, बड़ी चौपाटी, प्रदीप पांडे, माथुर कॉलोनी, विजय बाफना, जवाहर मार्ग, दिलीप सिंह चौहान, अंबेडकर चौराहा, विशाल नावेल्टी, दुर्गा चौक,या किसी भी मंडल सदस्य के पास वस्त्र जमा कर सकते हैं। अभियान में विमलेश पगारिया, अर्जुन सिंह पवार, अशोक लोढ़ा, मुकेश आर्य, निलेश मोदी, पवन पाटोदी, हेमराज सिंह पवार, राजेश्वर त्रिवेदी, दिनेश हरोड, विजय गादिया, ईशवर जोशी एवं जमील कुरैशी का विशेष सहयोग रहा।



## ग्रामीण क्षेत्र में पवन चक्की लगाने वाली कंपनी का आतंक

**सरदारपुर ।** हरे वृक्ष काटने से ग्रामीणों ने इनकार किया तो पुलिस की धमकी देते नजर आए पवन चक्की कर्मचारी जाम में फंसी रही स्कूल बस बच्चे होते रहे परेशान पहले किसानों का रास्ता कई दिनों से बंद किया समाचार प्रकाशित के बाद खोल रास्ता कई किसानों की तालाब से डाली पाइपलाइन भी फोड डाली है । पवन चक्की के बड़े-बड़े भारी वाहन निकालने से कई जगह पाइपलाइन फूट गई हे किसान के सिंचाई का समय चल रहा है लेकिन पवन चक्की वालों की मनमर्जी की शिकार हो रहे हैं पवन चक्की वालों के द्वारा रोड जाम करने से रोड से निकलने वाले वाहन मालिक कई घंटे से परेशान होते नजर आए वहीं लिटिल फ्लावर स्कूल की बस भी 2 घंटे तक जाम में फंसी रही जिससे बच्चे हुए परेशान।

## राज्य सरकार ने आदिवासी समाज के नायकों को वह सम्मान प्रदान किया जो पहले कभी नहीं मिला : विजयवर्गीय




**बाग.** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के 9 नवंबर को आयोजित बाल पोथी एवं एवं शिक्षक सम्मान समारोह के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा की राज्य सरकार आदिवासी एवं दुरस्थ ट्राईबल क्षैत्रो में शिक्षा की गुणवत्ता और विधालय में बच्चो की उपस्थिति बढाने के लिए अनेक सार्थक प्रयास किए है ।

उन्होंने यह भी कहा की छात्रवृत्ति से लेकर सायकल पुस्तकें गणवेश तथा मध्यान्ह भोजन जैसी योजनाओ ने विद्यालय में उपस्थित विशेषकर छात्राओं की उपस्थिति में अधिक वृद्धि की है । मंत्री विजयवर्गीय ने कहा की राज्य सरकार ने आदिवासी समाज के नायकों को वह सम्मान प्रदान किया है जो पहले कभी नहीं मिला , बिरसा मुंडा, टंट्या मामा, भीमा नायक जैसे महापुरुषों के योगदान और उनके आदर्शो को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास लगातार किया कि आदिवासी समाज अपनी परंपराओं संस्कृति और सरल स्वभाव को बनाए रखते हुए अपने महानायकों के पदचिन्हों पर आगे बढ़े तथा गर्व से कहे कि वे इन महापुरुषों के वंशज हे

राज्यसभा सांसद सुमेरसिह सोलंकी ने भी अपने विचार रखते हुए शिक्षा और सामाजिक उत्थान में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भुमिका पर प्रकाश डालते हुए डाला और एक गीत भी आदिवासी महापुरुषों पर गाया प्रभारी विजयवर्गीय का जगह जगह स्वागत पुष्पहारो से किया गया ।

जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिह मेहडा भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार,सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहै अतिथियों द्वारा बाल पोथी का विमोचन किया गया । साथ ही भारतीय सैनिकों का सम्मान भी किया गया । शिक्षको के उत्कृष्ट कार्यों कौ सराहा गया और खेल प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया शिक्षको संघ के ब्लाक अध्यक्ष धर्मेन्द्र ठाकूर ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं आभार अंतरसिंह गेहलोत ने माना.

**एक नजर** ▶ **कट्ठीवाडा में जनजाति विकास मंच की बैठक,, गांव की सीमा मजबूत करना ही पटेल की असली ताकत**

## 20 गांवों के पटेल, पुजारा और कोटवार हुए एकत्र, धर्मांतरण और अवैध जमीन लीज पर जताई चिंता





**आलीराजपुर। कट्ठीवाड़ा विकासखंड के लगभग 20 गांवों के पटेल, पुजारा और कोटवारों की एक महत्वपूर्ण बैठक जनजाति विकास मंच के तत्वावधान में संपन्न हुई।**

बैठक में जिला प्रबुद्ध प्रमुख हरिसिंह जमरा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे ।अपने उद्बोधन में श्री जमरा ने कहा कि जब तक हम अपने गांव की सीमा को मजबूत नहीं करेंगे, तब तक पटेलों की असली ताकत का एहसास नहीं हो पाएगा। गांव में अगर कोई बाहरी व्यक्ति या संगठन कोई गतिविधि कर रहा है, तो उस पर सबसे पहले पटेल की नजर होनी चाहिए ।उन्होंने यह भी कहा कि राजस्व भरते समय ऑनलाइन एंट्री की जानकारी पटेलों को अवश्य रखनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की भूमि-संबंधी समस्या न उत्पन्न हो।

जमरा ने गांवों में सामूहिक जागरूकता बैठकों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि हर माह एक बैठक आयोजित की जाए, ताकि समाज की चिंता और दिशा पर विचार किया जा सके।

बैठक में जिला संघ चालक नानसिंह धाकड़ ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पटेल, पुजारा और बडवा हमारी संस्कृति, परंपरा और रीति-रिवाजों के असली वाहक हैं। धर्मांतरण के प्रयासों के बीच हमें अपनी अस्तित्व और अस्मिता की रक्षा करनी होगी। पूर्वजों की परंपराओं को आगे बढ़ाना ही सच्ची सेवा है ।धाकड़ ने यह भी बताया कि कुछ स्थानों पर विधर्मी तत्व आदिवासियों के नाम पर अवैध रूप से जमीनें लीज़ पर ले रहे हैं, जिसकी जानकारी और रोकथाम के लिए पटेलों को सतर्क रहना चाहिए।

उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर चिंता जताते हुए कहा कि क्षेत्र में अवैध रेत खनन हो रहा है और गांव के जिम्मेदार लोगों को इसकी खबर तक नहीं होती — ऐसे मामलों पर तुरंत कार्रवाई आवश्यक है। बैठक का संचालन कादु सिंह डुडवे ने किया तथा आभार प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष हरसिंह कलेश ने किया। इस अवसर पर पटेल संगठन के अध्यक्ष राजेश पटेल, नरेश तोमर सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।